




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 73 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 25 दिसम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया




## पड़ोसियों के बीच विवाद में फायरिंग

### युवती के पैर में लगी गोली, उपचार जारी, आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया मण्डी थाना क्षेत्र के थड़ोद गांव में आपसी विवाद में एक पक्ष ने फायरिंग कर दी। इस घटना में एक युवती को गोली लगी, जिसे रात 1 बजे बड़े अस्पताल लाया गया। यहां से उसे रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

मल्हारगढ़ एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि थड़ोद निवासी डूंगरसिंह और आरोपी नरेन्द्र सिंह पिता भुवान सिंह दोनों के घर आसपास है। सोमवार रात को दोनों पड़ोसियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। घटना के समय डूंगरसिंह की बहन मान कुंवर भी मौके पर मौजूद थी। तभी आरोपी नरेंद्र ने पिस्टल से फायर कर दिया। गोली मानकुंवर के पैर में लगी। गोली लगने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजन घायल युवती को लेकर बड़े अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी नरेन्द्र को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है। जानकारी के अनुसार आरोपी नरेंद्र सिंह थड़ोद टोल प्लाजा पर कार्य करता है। फरियादी और आरोपी के बीच टोल प्लाजा पर एक दिन पहले किसी बात को लेकर आपस मे विवाद हुआ था। तब से ही दोनों के बीच तनातनी चल रही थी। रात में दोनों के बीच फिर विवाद हुआ। झगड़े के बीच नरेंद्र ने पिस्टल से फायर कर दिया।

## बाइक पर डोडाचूरा तस्करी करते 2 धराए, 1 फरार

**पिपलियामंडी, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ पुलिस ने 1 क्विंटल 5 किलो डोडाचूरा सहित दो आरोपियों को पकडा, एक फरार है। मुखबिर की सूचना पर मल्हारगढ़ पुलिस ने पहेड़ा मगरा-नारायणगढ मार्ग पर बडी पुलिया के पास बाइक सवार दो युवकों को रोका। तलाशी के दौरान उनके पास 5 कट्टों में भरा 105 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी पहचान खेजड़ी (नारायणगढ) निवासी भरत (28) पिता श्यामलाल शर्मा व गोगरपुरा... शेष पेज 3 पर

# दसवीं परीक्षा: बेस्ट ऑफ फाइव लागू रहेगी

## शिक्षकों का तनाव खत्म, रिजल्ट बिगड़ने का था अंदेशा

**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं की बोर्ड परीक्षा इस बार भी बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति लागू रहेगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस साल भी बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति से ही परीक्षा कराने के आदेश जारी किए हैं। इससे शिक्षकों की चिंता दूर हुई और उन्हें बड़ी राहत मिली है। इसके पहले इस साल से 10वीं बोर्ड की परीक्षा में बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति को समाप्त करने का फैसला लिया था और इसके आदेश भी जारी कर दिए थे। माह जून में इसके आदेश जारी किए थे। चूंकि, 9वीं क्लास में भी बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति से ही परीक्षा होती है। इससे इस साल जो बच्चे 10वीं में पढ़ रहे हैं, उन्होंने इसी पद्धति से प्री पास की है। 10वीं में बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति को समाप्त कर दिया गया था, इससे शिक्षकों को रिजल्ट बिगडने की चिंता थी। मामला जब स्कूल शिक्षा विभाग तक पहुंचा तो विभाग ने फैसला बदल दिया है। अब कक्षा 10वीं में बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति वर्ष 2026-27 से समाप्त होगी।

### बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति को समाप्त करना जरूरी...

शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति यदि समाप्त होती है तो यह बच्चों के हित में है। क्योंकि, इससे बच्चे मैथ्स और इंग्लिश में कमजोर हो रहे हैं। बच्चों को लगता है कि 6 में से 5 विषय में ही पास होना है। इससे वे एक विषय को हाथ ही नहीं लगाते हैं। इसमें मैथ्स और इंग्लिश विषय ज्यादातर बच्चे छोड़ देते हैं। जिससे बच्चों का ही नुकसान हो रहा है, क्योंकि वे कमजोर हो रहे हैं। ऐसे में बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति समाप्त होना जरूरी है, ताकि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना हो।

### शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर से 5 जनवरी तक...

स्कूलों में शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर से शुरू होंगे। यह 4 जनवरी तक रहेंगे। 5 जनवरी को रविवार होने से छुट्टी रहेगी। इससे स्कूल 6 जनवरी 2025 से खुलेंगे। पहले शीतकालीन अवकाश 25 दिसंबर से शुरू होते थे और 31 दिसंबर तक चलते थे। लेकिन, 26 नवंबर को वीर बाल दिवस मनाने और जनवरी की शुरुआत में ठंड रहने से शीतकालीन अवकाश को 31 दिसंबर से किया गया है। इससे 5 जनवरी तक जिले के सभी स्कूल बंद रहेंगे।

### कैसे काम करती है योजना...

✻ 10वीं कक्षा के लिए एमपी बोर्ड के अंतर्गत 6 अनिवार्य विषयों की परीक्षा होती है। ✻ छात्रों को इनमें से पांच विषयों में न्यूनतम पासिंग मार्क्स (आमतौर पर 33प्रश) लाने होंगे। ✻ यदि किसी छात्र का एक विषय कमजोर रहता है, तो वह अन्य पांच विषयों में अच्छे अंक लाकर पास हो सकता है। ✻ छात्रों पर पढ़ाई का दबाव कम होता है ✻ जिन छात्रों का एक विषय कमजोर हो, उन्हें फेल नहीं किया जाता। ✻ छात्रों को अपनी ताकत के अनुसार प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। ✻ अप्रैल 2024 में इसे रद्द करने के पीछे उद्देश्य छात्रों को सभी विषयों में समान रूप से ध्यान देने के लिए प्रेरित करना था। हालांकि, व्यापक जनहित और छात्रों की मांग को देखते हुए इसे फिर से लागू किया गया है।

### यह है बेस्ट ऑफ फाइव योजना...

यह योजना छात्रों को 10वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन और सफलता



की अधिक संभावना प्रदान करने के लिए लागू की गई है। इसके तहत, यदि छात्र छह अनिवार्य प्रश्नपत्रों में से किसी पांच में पास हो जाता है, तो उसे पास माना जाएगा। यह नियम परीक्षा के तनाव को कम करने और छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

### कौन से छात्र होंगे लाभान्वित...

यह योजना विशेष रूप से उन छात्रों के लिए लाभकारी है जो किसी एक विषय में कमजोर हैं। लेकिन, अन्य विषयों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। यह योजना न केवल छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाती है, बल्कि उनके मानसिक तनाव को भी कम करती है, जिससे वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

# भाजपा : जिलाध्यक्ष के लिए रायशुमारी आज

## चुनाव प्रभारी इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव सुनेंगे 52 लोगों के मन की बात

**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर जिला भाजपा अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए जिले के 52 पदाधिकारियो व जनप्रतिनिधियो से आज बुधवार को रायशुमारी की जाएगी। इंदौर महापौर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुष्यमित्र भार्गव इन सभी के मन की बात सुनेंगे।**




बता दें कि इस बार जिला भाजपा अध्यक्ष के लिए जिले के कुल 52 प्रमुख भाजपाईयो से रायशुमारी की जाएगी। इसमें जिले के 21 में से 20 मंडलो के अध्यक्ष व मंडल प्रतिनिधि शामिल है। इसके अलावा वर्तमान जिलाध्यक्ष तथा उनके पहले के जिलाध्यक्ष, जिले के चारो विधायक, लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मंदसौर नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष से भी उनकी राय जानी जाएगी।

इसमें सभी से अपनी पसंद के तीन नाम मांगे जाएंगे। यह भी पूछेंगे कि जिसके नाम आप दे रहे हो, उन्हें कब से जानते है। वे कब से संगठन में सक्रिय है। उन्होंने पूर्व में क्या-क्या काम संगठन में किया है, कौन-कौन से आंदोलन में बढ़चढ़ कर भाग लिया है। इस तरह की अनेक जानकारिया पूछी जाएगी।

### दलौदा मंडल अध्यक्ष की घोषणा जिलाध्यक्ष नियुक्ति के बाद...

भाजपा के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर अब पार्टी के सांसद और विधायकों को मौखिक की बजाय लिखित में अपने पसंदीदा नाम देना होगा। इस बार कोई भी नाम मौखिक नहीं लिया जाएगा। यह निर्णय पार्टी की प्रदेश बैठक में हुआ। इसमें यह भी तय हुआ कि प्रत्येक जिले में पार्टी के सभी श्रेणी यानी सांसद, विधायक के साथ अन्य पदाधिकारियों से उनकी पसंद लिखित में ली जाएगी। इसके बाद इन नाम में से तीन नाम का एक पैनल बनाया जाएगा, जिसमें से जिलाध्यक्ष का चुनाव होगा।



बता दें कि सभी जिलों में 31 दिसंबर तक जिला अध्यक्ष के चुनाव संपन्न होना है। इसके लिए चुनाव पर्यवेक्षक बना दिए गए हैं। इनका पर्यवेक्षक को जिला अध्यक्ष चुनाव के दौरान जातीय और वर्गवार प्रतिनिधित्व का ध्यान रखना है। जिले में दलौदा मंडल अध्यक्ष की घोषणा होना बाकी है। माना जा रहा है कि जिलाध्यक्ष के चुनाव के बाद ही दलौदा मंडल अध्यक्ष का नाम घोषित किया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व संगठन पर्व की केन्द्रीय पर्यवेक्षक सरोज पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद और प्रदेश चुनाव अधिकारी विवेक नारायण शेजवलकर समेत करीब 100 पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं भाजपा के करीब 200 मंडल में अब तक अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई है। उम्र और बड़े नेताओं के कारण अटकी यह नियुक्तियां अब जिला अध्यक्ष के चुनाव के बाद होगी। इसलिए अब यह माना जा रहा है कि दलौदा मंडल अध्यक्ष की घोषणा भी जिला भाजपा अध्यक्ष निर्वाचन के बाद होगी।

## अगले दो दिन बारिश का अलर्ट, ओले गिरने की भी आशंका

**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में अगले 2 दिन यानी 26 और 27 दिसंबर को बारिश होने की आशंका है। मंगलवार को जिले में अधिकतम तापमान 24.5 और न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। वहीं, आसमान में हल्का कोहरा छाया रहा। इससे पहले अंचल में दो दिनों से बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 4 दिन बारिश और ओले पड़ने का अलर्ट जारी किया है। साथ ही रात की सर्द हवाओं से तापमान भी गिरने की भी आशंका जताई है। वहीं, 27 दिसंबर को प्रदेश के 23 जिलों में बारिश के साथ ओले पड़ने का अलर्ट है। साथ ही अन्य जिलों में हल्की बारिश के साथ बिजली चमकने का अनुमान है।

**इसलिए बदलेगा मौसम**–सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से मौसम का मिजाज बदला रहेगा। राजस्थान के ऊपर भी एक लो प्रेशर एरिया की एक्टिविटी रहेगी। इससे बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं।

# न्याय की आस में पति और बच्चों के साथ पहुंची महिला ने कलेक्ट्रेट में जहर खाया

## बड़े अस्पताल में भर्ती, प्रशासन पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया, तहसीलदार ने कहा पारिवारिक मामलें में हम कुछ नहीं कर सकते..?

**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** न्याय की आस में मंगलवार को जनसुनवाई में अपने पति और दो बच्चों के साथ पहुंची महिला ने कलेक्ट्रेट परिसर में ही जहर खा लिया। जिसे तत्काल बड़े अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत ठीक बताई गई हैं। महिला के पति ने उसके पिता द्वारा प्रताडित किए जाने के मामलें में प्रशासन द्वारा न्याय नहीं दिलाने का आरोप लगाया है। इस मामलें में तहसीलदार गरोठ ने कहा कि पारिवारिक बटवारें के विवाद में प्रशासन कुछ नहीं कर सकता है।



मिली जानकारी के अनुसार रामकन्याबाई पति राधेश्याम बागरी निवासी गरोठ अपने पति और दो बच्चों को लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष पहुंची और अपनी शिकायत बताई। उसने कहा कि पिछले छह महिने से गरोठ से लेकर मंदसौर तक चक्कर लगा रहीं हूं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। अधिकारियों ने महिला और उसके परिवार को आश्वासन देकर समझाया और उसके मामलें को न्यायालय में लेकर जाने का बोला, तभी महिला ने जहर खा लिया। जिससे बाद महिला को तत्काल बडे अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि महिला का पारिवारिक बंटवारे का विवाद है। महिला के पति ने अस्पताल में बताया कि यदि सुनवाई नहीं हुई तो मै भी आत्महत्या कर लूंगा, क्योंकि मेरी सुनवाई नहीं हो रहीं है। जब भी समस्या लेकर जाते है, जनसुनवाई से बाहर निकलवा दिया जाता है। जबकि, मेरे पिताजी ने ज्यादती कर रखी है।

उधर इस मामलें में गरोठ तहसीलदार ने बताया कि रामकन्या बाई ने आवेदन दिया है कि उनके ससुर नानुराम मालवीय की कृषि एवं आवासीय भूमि में दो हिस्से चाहती है। नानुराम के दो पुत्र राधेश्याम ... शेष पेज 3 पर

## डोडाचूरा से भरी पिकअप पलटी, एक की मौत, पिस्टल भी मिली

**नीमच, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावद थाना क्षेत्र के ग्राम खोर में डोडाचूरा से भरा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ड्राइवर की मौत हो गई। तलाशी में ड्राइवर के पास से पिस्टल भी मिली है।

हादसा सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात हुआ। क्रेन की मदद से पिकअप को खड़ा किया गया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का मानना है कि पिकअप की मदद से डोडाचूरा की तस्करी की जा रही थी। पुलिस का कहना है कि मौके पर सुबह पुलिस ने पहुंचकर मृतक को गाड़ी में से निकालकर शव बड़े अस्पताल पहुंचाया। यहां पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस का कहना है, जानकारी मिल रही है कि रात में किसी वाहन द्वारा पीछा करने के दौरान वाहन पलट गया। मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज से जांच कर रही है।

# नर्सिंग छात्राओं को पिला रहे दूषित पानी

## अव्यवस्थाओं से घिरा सरकारी नर्सिंग कॉलेज, जनसुनवाई में पहुंचा कुएं से पानी लेने का मामला



**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सरकारी नर्सिंग कालेज की छात्रा की मौत का मामला गत दिनो सुर्खियों में आया था। जिसके बाद नर्सिंग कॉलेज के प्रबंधन को लेकर भी सवाल खड़े हुए थे। प्रथम दृष्टया माना गया था कि छात्रा को समय पर उपचार नहीं मिला था, इसलिए उसकी मौत हो गई। मामले में कलेक्टर ने वार्डन को निलंबित भी किया है। अब एक नया मामला यह सामने आया है कि जिस कुएं से नर्सिंग कॉलेज और छात्रावास में पानी सप्लाय किया जा रहा है। वह खुला हुआ है और उस कुएं में उल्लू मृत पड़े हुए है। साफ सफाई नहीं होने से पानी की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा नर्सिंग कॉलेज की अन्य अव्यवस्थाएं भी सवालों के घेरे में है। जिस कुए से जबरन पानी लिया जा रहा है, वह कुआ भी खेत मालिका का निजी है। मंगलवार को कुआं मालिक ने जनसुनवाई में आवेदन दिया है। जिसमें कुएं से पानी लेने पर भी आपत्ति जताई है।

### पानी खरीदकर पीना मजबूरी...

कॉलेज व छात्रावास में जिस कुएं से पानी आता है, उसमें उल्लू मरे मिले। वाटर कूलर होने के बावजूद अव्यवस्थाओं के कारण छात्राओं को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। अपर्याप्त सुविधाओं और आर्थिक गड़बड़ियों के आरोप भी यहां लग रहे हैं। 5 साल से पदस्थ प्राचार्य की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर से करीब 7 किमी दूर व सुनसान इलाके में स्थित छात्रावास पर उनकी मनमानी के चलते ही दो साल से रात में कोई गार्ड नहीं रखा गया।

### प्रभारियों के भरोसे कॉलेज, कई अव्यवस्थाएं...

करीब 5 साल से मंदसौर का सरकारी नर्सिंग कॉलेज प्रभारी प्राचार्य व उप प्राचार्य के भरोसे ही चल रहा है। यह कॉलेज वर्ष ........ शेष पेज 3 पर

## पशु आहार के बीच डोडाचूरा तस्करी, 4 क्विंटल डोडाचूरा जप्त, 2 गिरफ्तार, 2 फरार

**पिपलियामंडी, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पशु आहार के कट्टों के बीच डोडाचूरा के कट्टों को भरकर तस्करी करने के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं दो फरार है। मुखबिर की सूचना पर मल्हारगढ़ पुलिस ने बरखेड़ापंथ -जलोदिया मार्ग पर टाटा मैजिक टेम्पो को रोका, जिसमें 22 कट्टों में पशु आहार भरा था। वहीं 20 कट्टों में डोडाचूरा पाया गया। 20 कट्टों का वजन तौला तो प्रत्येक कट्टे में 20-20 किलो कुल 400 किलो डोडाचूरा पाया गया। पुलिस ने डोडाचूरा जब्त कर टेम्पो ड्राइवर जोधा पिपलिया (नारायणगढ़) निवासी संजय (44) पिता भेरुलाल पोरवाल व पास में बैठे अर्जुन (40) पिता रामचन्द्र अहिरवार को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया व डोडाचूरा, टेम्पो को जब्ती में लिया। मल्हारगढ़ टीआई राजेन्द्र पंवार ने बताया कि आरोपियों को रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ जारी है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने उक्त डोडाचूरा दौबड़ा निवासी कमल पिता भेरुलाल शर्मा से लेकर सुवासरा निवासी पंकज को देने जाना बताया है। इन दिनों आरोपियों पर भी पुलिस ने केस दर्ज किया है। दोनों फिलहाल फरार है।

# जिला संगठन दोनों दलों का नया बनना है, भाजपा का सबकी पसंद से तो कांग्रेस का छत्रपों के सहारे...

**मंदसौर/उज्जैन, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा और कांग्रेस दोनों के जिला संगठनों की कार्यकारिणी बनने का दौर चल रहा है। भाजपा के मंडलों के अध्यक्ष घोषित हो चुके हैं, अध्यक्षों की घोषणा बाकी है। जबकि, कांग्रेस के पर्यवेक्षक का जिला दौरा भी अभी शुरू होना बाकी है। इस बार कांग्रेस संगठन जैसा अभी दिख रहा है कि ऊर्जावान और सक्रिय कार्यकर्ताओं की पसंद का पदाधिकारी बनाने की सार्वजनिक घोषणा कर चुके हैं। ऐसा आदिकाल से कांग्रेस का चलन रहा है। जबकि, नाम की घोषणा के बाद स्पष्ट होता है कि कौन पदाधिकारी किस छत्रप नेता के कोटे से पद पाया होगा। भाजपा में संगठन चुनाव की अपनी कार्यप्रणाली है और उसका पालन लगभग शतप्रतिशत होता है। इसलिए पठ्ठावाद चल नहीं पाता है। यह अलग बात होती है कि पदाधिकारी किसी छत्रप नेता के करीब हो, ऐसे पैमाने को भाजपा में खारिज किया जाता रहा है। भाजपा संगठन ने मंदसौर जिला कार्यकारिणी के चयन के लिए इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव को भेजा था। भार्गव दो बार आकर 21 में से 20 मंडलों के अध्यक्ष की घोषणा कर गए हैं। अब सिर्फ दलोदा मंडल और जिला संगठन अध्यक्ष बाकी रह गया है।



चन्द्रमोहन भगत

इधर कांग्रेस संगठन अपनी उम्र के हिसाब से धीरे-धीरे ही कार्यप्रणाली को अंजाम देगा। मंदसौर जिला पर्यवेक्षक जयवर्धन सिंह एक दो दिनों में आने वाले हैं। पहले मुख्यालय के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की बैठक लें रायशुमारी को अंजाम देंगे। जिसके बाद जिले के 13 ब्लॉक का भी दौरा कर वहां के कार्यकर्ताओं से भी चर्चा करेंगे। उसके बाद ही जिला अध्यक्ष के चयन तक पहुंच पाएंगे। प्रक्रिया में एक पखवाड़ा या उससे ज्यादा समय भी लग सकता है। जबकि, वर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन जैन ने विधायक बनते ही जिला अध्यक्ष चयन करने के लिए प्रदेश संगठन को लिख दिया था। कांग्रेस में कोई प्रक्रिया होती है, या नहीं या सिर्फ नाम घोषित कर दिया जाता, या जनमत में प्रभाव और कार्यकर्ता की पसंद को प्राथमिकता मिलती है, ऐसा सब कुछ होता है, पर यह तय नहीं है।

भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष नानालाल अटोलिया को फिर से बनाए जाने की चर्चा के साथ, यह विचार भी आया है कि इनके नेतृत्व में विधानसभा और लोकसभा चुनाव भी हो चुके हैं। इसलिए सीखने और अनुभव के लिए नए कार्यकर्ता को अवसर देना चाहिए ताकि अनुभवियों की टीम खड़ी की जा सके। भविष्य के लिए इसे कारगर योजना कहा जा सकता है। इधर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चयन के लिए सांगठनिक कार्य योजना तो है पर उस पर अमल लगभग ना के बराबर होता है। पर्यवेक्षकों का आना-जाना भी प्रक्रिया के अनुरुप होता है। कार्यकर्ताओं से उनकी पसंद के सक्रिय संगठन का नाम मांगा जाता है, जिसे जिला अध्यक्ष बनाया जा सके। दूसरी तरफ प्रदेश के छत्रप नेता पहले से ही पर्यवेक्षकों को जिला अध्यक्ष के लिए अपनी पसंद बता चुके होते हैं। अभी तक होता भी यही आया है, इस बार बदलाव की उम्मीद सिर्फ इसलिए की जा रही है कि कांग्रेस केंद्रीय कार्य समिति की बीते दिनों हुई बैठक में यह तय किया गया है कि कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए छत्रप वाद समाप्त किया जाकर क्षेत्र के कार्यकर्ता की पसंद और सक्रियता के पैमाने से अध्यक्षों के नाम तय किए जाएंगे। कांग्रेस हाई कमान का यह फार्मूला जिला संगठनों के चुनाव में लागू होगा या पुराना ढर्रा अपनाया जाएगा, यह भी जिला पर्यवेक्षक जयवर्धन सिंह के दौरे से स्पष्ट हो जाएगा...।

# प्रदेश में कांग्रेस निकालेगी 'मैं भी हूं आंबेडकर' पदयात्रा, शेड्यूल जारी कर बताई पूरी प्लानिंग

**भोपाल, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर टिप्पणी किए जाने के विरोध में मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस 'मैं भी हूं आंबेडकर' पदयात्रा निकालेगी। यह 25 से 29 दिसंबर तक चलेगी। पांच चरणों में होने वाली इस यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। प्रत्येक जिले में यात्रा के समापन पर जनसभा भी होगी।

### 'मैं भी हूं आंबेडकर' पदयात्रा, क्या है पूरा प्लान...

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र सिंह ने बताया कि देश के संविधान की रचना में प्रमुख सहयोग देने वाले डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान पूरे देश का अपमान है जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस तरह पार्टी भाजपा के नेताओं को यह संदेश देना चाहती है कि यह देश डॉ. आंबेडकर के लिखे संविधान से चलेगा। समाज के हर वर्ग को भाजपा की संविधान विरोधी मानसिकता के बारे में जाग्रत किया जाएगा। इसके लिए तैयार किए गए पर्चे का वितरण पदयात्रा के दौरान घर-घर होगा। प्रत्येक जिले में पदयात्रा के बाद अंत में जनसभा भी होगी। कांग्रेस इस बहाने अपनी खोई जमीन हासिल करने की कोशिश करेगी।

### कब, कहां होगी पदयात्रा...

✻ 25 दिसंबर- दतिया, मुरैना, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर, देवास, रतलाम, शाजापुर और आगर।

✻ 26 दिसंबर- भिंड, मंदसौर, नीमच, उज्जैन, इंदौर, धार, अलीराजपुर, झाबुआ, खरगोन और बड़वानी।

✻ 27 दिसंबर- ग्वालियर, खंडवा, बुरहानपुर, भोपाल, सीहोर, रायसेन, राजगढ़, विदिशा, बैतूल और होशंगाबाद।

✻ 28 दिसंबर- हरदा, सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, जबलपुर, कटनी और नरसिंहपुर।

✻ 29 दिसंबर- छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, डिंडौरी, बालाघाट, रीवा, मऊगंज, सिंगरौली, सीधी, सतना, उमरिया, शहडोल एवं अनूपपुर।





# 'धनक' की गूंज ने मोहा मन, बांधा समां और बटोरी दाद

## लोटस वैली स्कूल में एक मंच पर दी 1850 बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां

**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था लोटस वैली स्कूल के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'धनक' में बच्चों द्वारा मधुबनी कला से बनाये सांस्कृतिक मंच पर हुई रंगारंग प्रस्तुतियों ने हजारों दर्शकों का मन मोह लिया।

भारत यह भारत ही रहना चाहिए की थीम पर आयोजित 'धनक' में 2 दिनों पर एक ही मंच पर 1850 बच्चों ने 10 घंटो में 35 प्रस्तुतियों के माध्यम से जमकर दाद बटोरी। इस दौरान देशभक्ति, धर्म और परंपरा पर आधारित प्रस्तुतियों और वर्तमान परिदृश्यों को चित्रित करने वाले नाटको के मंचन ने बखूबी समा बाँधा। पहले दिन लोटस वैली किडस्कूल के प्ले ग्रुप से लेकर दूसरी तक के नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से एक प्रस्तुतियाँ दी। गणेश वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इस दौरान रानी देवी अहिल्याबाई की 300 वी जन्म जयंती के उपलक्ष्य में हुई प्रस्तुति को देख हर कोई दंग रह गया। नमो नमो संकरा...., नंदलाला...., माँ काली.... और राम स्तुति जैसी आधा दर्जन से अधिक धार्मिक प्रस्तुतियों में बच्चे जमकर थिरके। बच्चों ने आसमां को छूकर आएंगे के गीत पर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर अपने बुलंद हौसलों से पूरे सदन को परिचित भी करवाया। दूसरे दिन लोटस वैली स्कूल के प्राइमेरी से हायर सेकेंडरी स्तर के बच्चों ने करीब 16 आकर्षक प्रस्तुतिया दी। देश वंदना और गणेश वंदना के बाद खेलो के महत्त्व को बताने वाली प्रस्तुति हेल्थ इज वेल्थ को सबने सराहा। इस दौरान देश के महानतम व्यक्तित्व देवी अहिल्याबाई, सुभाषचंद्र बोस और उद्योगपति रतन टाटा के जीवन पर आधारित प्रस्तुतियाँ भी बच्चों ने दी। महाभारत एक धर्म युद्ध नाटक का मंचन भी आकर्षण का केंद्र था।

**बेचारी आत्मा ने किया सोचने को मजबूर**–धनक के दूसरे दिन दसवीं और बारहवी के बच्चों का प्ले (नाटक) बेचारी आत्मा ने सबको झकझोर कर रख दिया। मोबाइल से सेल्फी लेने, नशे के सेवन, रफ़ ड्राइविंग और कई मौजूदा गलत लतो की वजह से होने वाली मौतो को लेकर प्रस्तुत यह नाटक सबको प्रभावित कर गया। इसके साथ ही प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के संघर्षो की कहानी को भी लोगो ने खूब सराहा। दोनों दिन वार्षिकोत्सव की शुरुआत शंखनाद से हुई। अतिथियों ने माँ शारदा की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किये। अतिथियों का स्वागत श्रीनिवास आचार्य शिक्षण समिति के चैयरमेन श्री जगदीश जी आचार्य, स्कूल डायरेक्टर विकास आचार्य व प्राचार्य विभा आचार्य आदि ने पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। स्कूल के उद्देश्यों व गतिविधियों की जानकारी प्राचार्य विभा आचार्य ने दी। डायरेक्टर विकास आचार्य ने अपनी बात के माध्यम से अभिवावको से संवाद किया। मन्दसौर एसपी श्रीअभिषेक जी आनंद ने भी धनक को सराहा। इस दौरान करीब 140 विलक्षण प्रतिभाओ का सम्मान भी किया गया।

**बच्चों के दादा-दादी ही थे अतिथि**–अमूमन संस्थाओं में सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान अतिथियों का पद जनप्रतिनिधियों अथवा बड़े अधिकारियों के पास होता है लेकिन पिछले 17 वर्षो की तरह इस साल भी लोटस वैली में अतिथि वहां पढ़ने वाले बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी ही थे। पहले दिन धनक वार्षिकोत्सव के दौरान दादीजी श्रीमती ममता जी जैन एलची वाला और दादाजी श्री घनश्याम जी पाटीदार मुख्य अतिथि थे। दूसरे दिन बतौर अतिथि दादीजी श्रीमती प्रेमलता जी चपरोत और दादाजी श्री मनोहरलाल जी सोनी दलोदा मंचासीन थे। उद्बोधन के दौरान बच्चों के स्कूल में अतिथि बनकर पहुंचे दादा-दादी काफी भाव विभोर दिखे और उन्होंने स्कूल की परम्पराओं को साधुवाद भी दिया।

**'लोटस अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस' हॉकी खिलाड़ी अदिति माहेश्वरी को**– लोटस वैली स्कूल ने इस बार 'लोटस अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस' से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी अदिति माहेश्वरी को नवाज़ा। एशिया कप जीतने के बाद बेंगलोर ट्रेनिंग में शामिल अदिति माहेश्वरी की जगह उनके पिता अभिनव माहेश्वरी और माताजी मंगला माहेश्वरी का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। सम्मान स्वरुप प्रतीक चिन्ह और 21 हजार की सम्मान निधि भी प्रदान की गई। साथ ही अदिति के कोच अविनाश उपाध्याय जी का भी सम्मान किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक मंच के परदे पर हॉकी प्लेयर अदिति के बचपन से अभी तक के संघर्ष व उपलब्धियों को परिलक्षित करने वाली डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत हुई, जिसे सबने सराहा।

# भाजपा देश में अराजकता एवं तानाशाही फैला रही है, जिसे कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी-जैन

## जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस द्वारा डा.आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन कर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर की गई झूठी एफआईआर वापस लेने के लिए राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन दिया

**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी पर संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में एवं नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के खिलाफ की गई झूठी एफ.आई.आर के खिलाफ मंदसौर जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक श्री विपिन जैन के नेतृत्व में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर केंद्र सरकार व गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुवे विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पूरे जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस जन व महिलाएं शामिल हुई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अमित शाह मुरादाबाद, अमित शाह इस्तीफा दो, भाजपा की हिटलर शाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी, जैसे जोरदार नारे लगाए और अंत में महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार मंदसौर सोनिका सिंह को देकर अमित शाह को गृहमंत्री के पद से बर्खास्त करने की मांग की गई तथा लोकसभा नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी पर की गई झूठी एफआईआर वापस लेने की मांग की गई।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन ने कहा की डॉ बाबा साहब अंबेडकर भारत के महान नेताओं में से एक थे। देश की आजादी के पहले व आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान निर्विवाद है, ऐसे महान नेता का अपमान देश के गृहमंत्री द्वारा किया जाना अकल्पनीय है व घोर निंदनीय है। लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता व हमारे नेता राहुल गांधी पर झूठी एफआईआर दर्ज करना घोर निंदनीय है जिसका हम सब कांग्रेस जन विरोध करते हैं और मांग करते हैं की झूठी एफ आई आर तुरंत वापस ली जाए। इस अवसर पर पूर्व विधायक नवकृष्णा पाटिल ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी पर विवादित टिप्पणी करने वाले गृहमंत्री अमित शाह ने अभी तक खेद व्यक्त नहीं किया है और ना आज तक क्षमा याचना की है। भाजपा अपने गलत कारनामे छुपाने के लिए आए दिन अलग-अलग शीगुफा छोड़ती है। ऐसे गृह मंत्री को अब क्षमा नहीं इस्तीफा देना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए। उनके एक बयान से पूरे देश में अराजकता की स्थिति निर्मित हुई है। राहुल गांधी पर कितनी भी झूठी एफआईआर दर्ज कर लो कांग्रेस पार्टी डरने वाली नहीं है। इस अवसर पर मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र में तानाशाही एवं हिटलर शाही का कोई स्थान नहीं है। भाजपा देश में अराजकता फैला रही है। कांग्रेस इसका मुंह तोड़ जवाब देगी। कांग्रेस नेताओं पर कितने भी झूठे प्रकरण बना दो कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालयों पर तोड़फोड़ करना बेहद निंदनीय ओर कायराना कृत्य है।



# कश ट्रॉफी अभा फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ आगाज़

## पंजाब पुलिस ने 5-1 से और नीमच ने 3-0 से जीते अपने पहले मुकाबले, आज बैंक ऑफ बड़ौदा और भारती क्लब जबलपुर तथा दूसरा मैच मंदसौर और रतलाम के बीच खेला जाएगा



**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** चंबल फुटबॉल क्लब द्वारा स्व. विनोद गर्ग (भाईसाहब) के मार्गदर्शन में शुरू हुआ स्व. जितेंद्र सिंह मसराम और स्व. गौरव गिरवाल स्मृत कश ट्रॉफी अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट का द्वितीय संस्करण मंगलवार 24 दिसंबर से शुरू हो गया।

टूर्नामेंट के प्रथम दिन 2 मैच हुए जिसमें पहला मैच गत वर्ष की विजेता पंजाब पुलिस और यंग आदिवासी क्लब, इंदौर के बीच हुआ। शुरू से ही पंजाब पुलिस ने अपना दबदबा कायम रखा और पूरे मैच में पकड़ बना कर रखी। आदिवासी क्लब के खिलाड़ियों ने भी अपना पूरा दमखम दिखाया और पंजाब के मजबूत डिफेंस को भेदते हुए 1 गोल करने में सफलता हासिल की लेकिन यह गोल अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकाफी साबित रहा। अंत: में शुरू से ही दबदबा बनाए रखने वाली पंजाब पुलिस ने यह मुकाबला 5-1 से जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। इस मैच के मन ऑफ द मैच पंजाब पुलिस से बलजीत सिंह रहे, जिनको अतिथियों ने ट्रॉफी प्रदान की। आज का दूसरा मैच एन एफ ए, नीमच और बीकानेर करनी क्लब के बीच खेला गया। मैच के शुरुआती क्षणों में ही एक दुर्भाग्यपूर्ण क्षण में बीकानेर के 3 खिलाड़ी जिनमें गोलकीपर सहित 2 डिफेंस घायल होकर मैच से बाहर हो गए। अपनी टीम की इस क्षति से बीकानेर की टीम अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखा पाई। जिसका पूरा फायदा नीमच की फुटबॉल टीम ने उठाया और 3 गोल मार कर मुकबला अपने नाम किया। मेन ऑफ द मैच नीमच के प्रज्ञ्वल अहीर रहे जिनको जिला खेल अधिकारी देवड़ा ने ट्रॉफी प्रदान की। स्पर्धा पूर्व इस आयोजन का उद्घाटन समारोह रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि मंदसौर नगर की प्रथम नागरिक श्रीमती रमादेवी गुर्जर, मंदसौर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनन्द, जनभागीदारी अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, क्लब संरक्षक श्री नवनीत गर्ग, क्लब अध्यक्ष श्री भानुप्रताप सिंह सिसौदिया, जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा, समाजसेवी आशीष गुप्ता, मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ सचिव श्री अमित रंजन देव, फीफा मैच कमिश्नर और एमपीपीएल डायरेक्टर कर्नल गौतम कार, क्लब सचिव श्री ईश्वर सिंह चौहान, टूर्नामेंट संयोजक श्री विपिन शर्मा, सुरेंद्र प्रताप सिंह, मुजम्मिल काजी, कमल कंडारे, गोरधन सिंह चौहान, दीपक शर्मा, अंशुल शर्मा, राहुल नागौरे, यश रोखले, दक्ष गौड़, अज्जू, मनीष गुर्जर, और क्लब के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने इस आयोजन के लिए चंबल फुटबॉल क्लब की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन से ही दूसरों में खेल के प्रति रुचि जागृत होती है और ऐसे आयोजन समय समय पर होना चाहिए। मंदसौर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनन्द ने इस स्पर्धा में बाहर से भाग लेने आई सभी टीमों का मंदसौर आगमन पर स्वागत किया और टूर्नामेंट में अच्छे खेल के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी टीमों को यह भी कहा कि मंदसौर एक प्राचीन शहर है और इसका इतिहास बहुत निराला है, आप सभी को मंदसौर भ्रमण कर इसका इतिहास जानना चाहिए। क्लब अध्यक्ष श्री भानुप्रताप सिंह ने सभी खिलाड़ियों से अतिथियों का परिचय करवाया और क्लब संरक्षक श्री नवनीत का इस अखिल भारतीय स्पर्धा के आयोजन के लिए बहुत बहुत आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन श्री हिमांशु यजुर्वेदी ने किया और आभार क्लब सचिव श्री ईश्वर सिंह चौहान ने व्यक्त किया।

# पत्नि की हत्या के आरोपी पति को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कपिल मेहता ने एक प्रकरण में हत्या के आरोपी शाकिर शेख को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर 5000/- रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। लोक अभियोजक तेजपाल सिंह शतावत ने बताया कि वायडी नगर थाना क्षेत्र के इंदिरा कॉलोनी में 5 अगस्त 2022 को उपनिरीक्षक अविनाश सोनी को डायल 100 पर सूचना मिली थी कि एक महिला का शव इंद्रा कॉलोनी के पीछे जैन कॉलेज पास शुलभ काम्पलेक्स के पास मृत अवस्था में पड़ा हुआ है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसकी पहचान परवीन बी पति शाकिर शेख निवासी इंद्रा कॉलोनी की होना पाई गई। इसी दौरान मौके पर उपस्थित मृतिका की माता खातून बी से पूछताछ की गई। उसके द्वारा बताया गया कि मृतिका बम्बई में निवासरत थी, विगत 1 वर्ष से वह बम्बई नहीं गई थी। वह अपने पति आरोपी शाकिर शेख के साथ इन्द्रा कॉलोनी में रह रही थी। पुलिस को अनुसंधान के दौरान पता चला कि मृतिका के नाम पर जमीन थी तथा आरोपी पति उक्त जमीन को विक्रय करने का प्रयास कर रहा था आरोपी शाकिर शेख षडयंत्र रचकर मृतिका को जमीन के दस्तावेंजो पर हस्ताक्षर करने के लिए बुलाया था। आरोपी ने जमीन के एवज में लाखों रूपए की एडवांस राशि भी ले ली थी। इस बात को लेकर पति-पत्नि में विवाद हो गया था तथा आरोपी ने मृतिका का गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अनुसंधान कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। न्यायालय में विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से 18 साक्ष्यों के कथन कराए गए इसके अलावा 37 दस्तावेज प्रदर्शित करवाए। न्यायालय ने अभियोजन तर्को से सहमत हुए आरोपी शाकिर हुसैन को आजीवन कारावास एवं 5000/- रूपए जुर्माने से दंडित किया। उक्त मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से सफल पैरवी लोक अपर लोक अभियोजक तेजपाल सिंह शक्तावत, भगवती लाल शर्मा एवं भगवान सिंह चौहान द्वारा की गई।

## श्री कृष्ण जन्म स्थल के दर्शन कर भावुक हुए श्रद्धालु

**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री गोवर्धन परिक्रमा और यमुना जी के चुनरी मनोरथ के लिए मंदसौर से गए साढे चार सौ से अधिक श्रद्धालुओं का दल मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि पर भी पहुंचा जहां सभी उस स्थान के दर्शन किए जहां भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। सभी श्रद्धालु भक्ति भावना और रोमांच से परिपूर्ण हो गए। जिस स्थल पर भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ वहां पहुंच कर दर्शनार्थी भावुक हो गए। पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान श्री कृष्ण को त्रिलोकी नाथ श्री हरि विष्णु का पूर्ण अवतार माना जाता है संपूर्ण सृष्टि के नियामक ठाकुर जी भगवान श्री कृष्ण के रूप में धरती पर अवतरित हुए।गोवर्धन परिक्रमादन के इन श्रद्धालुओं के मन में इस स्थान को देखकर यह भी ग्लानि हुई कि हमारे परम आराध्य भगवान श्री कृष्ण के जन्म स्थल पर विदेशी आक्रांताओं ने अपने चिन्ह स्थापित कर रखे हैं। बनारस में काशी विश्वनाथ मंदिर का भी नया स्वरूप निखर कर आया वैसे ही मथुरा में श्री कृष्ण जन्म भूमि भी पूरी तरह से विदेशी आक्रांताओं के चिन्हों से मुक्त होकर अपनी गौरवशाली पहचान कायम रख सके। यह जानकारी यात्रा दल के साथ गए पत्रकार श्री ब्रजेश जोशी ने दी है।

# एक और अज्ञात महिला के दिवंगत होने पर बंसल ने किया अंतिम संस्कार

**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार की सुबह तड़के 10 नंबर नाके के पास किसी अज्ञात ट्रक वाले ने एक महिला को बुरी तरह से कुचल दिया था जिसकी मौत हो गई। महिला का शव वायडी नगर थाने द्वारा जिला चिकित्सालय में ले जाकर पीएम कराया। समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल को 10.30 बजे जिला चिकित्सालय के चौकी प्रभारी नासिर भाई ने फोन कर अवगत कराया कि अज्ञात महिला का अंतिम संस्कार करना है। महिला का शव पूरी तरह क्षत विक्षत हो चुका था डॉक्टर ने पोस्टमार्टम कर गठरी बनाकर शव सौंप दिया। अन्नक्षेत्र न्यास कमेटी के शव वाहन से महिला का हिंदू रीति रिवाज के अनुसार शिवना तट स्थित मुक्तिधाम पर ले जाकर उसका अंतिम संस्कार किया एवं प्रभु से प्रार्थना की कि मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। मृत महिला की उम्र लगभग 50 वर्ष की बताई जा रही थी। उसका नाम पता जाति आदि का पता नहीं लगा। उसकी पहचान करना मुश्किल था मुखाग्नि सुनील बंसल ने दी।

# हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास व जुर्माना

**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** माननीय विशेष न्यायाधीश, सुश्री प्रतिष्ठा अवस्थी महोदय मंदसौर द्वारा आरोपी सुल्तारन पिता नागूलाल आंजना, उम्र 30 वर्ष, निवासी- ग्राम कचनारा, जिला- मंदसौर को हत्याभ के अपराध में आजीवन कारावास, अवैध हथियार रखने में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अवैध हथियार का उपयोग करने में 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 35,000 रूपये जुर्माने से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबं?ध में बताया कि दिनांक 01.01.2021 को थाना दलौदा में फरियादी द्वारा रिपोर्ट लेख कराई कि शाम को मैं अपने सर्विस सेंटर की दुकान पर था शाम 7:18 बजे मेरे पास चन्दू के मोबाईल से फोन आया तो सामने से पिंटु उर्फ पुष्प राज बोला कि मैं व राहुल आंजना व बलराम व चन्दू: चारों मेरे कुएं पर पार्टी कर रहे थे, चन्दू का कुछ समय पहले गांव के सुल्तावन आंजना की मां से किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा हो गया था, इसी बात को लेकर सुल्तोन आंजना कुएं पर आया ओर चन्दुक पर कट्टे जैसे किसी हथियार से दो बार फायर करके भाग गया, चन्दुक को खून निकल रहा है तो मैं व मेरी मम्?मी पिंटु के कुएं पर पहुंचे और देखा तो कुंए पर बने कमरे में मेरा भाई चन्दू जमीन पर पडा हुआ है और खून से सना हुआ था, कुछ बात नहीं कर रहा था फिर में चन्दूं को मंदसौर अस्पभताल लेकर आ रहा था तभी रास्ते में चन्दूथ की मृत्युब हो गई। मेरे भाई चन्दू उर्फ चंद्रपाल को सुल्तान आंजना ने कट्टे जैसे हथियार से गोली मारकर हत्या कर दी है। फरियादी की रिपोर्ट से थाना दलौदा परा अपराध क्रमांक 03/2021, धारा 302 भादवि का पंजीबद्व कर अनुसंधान में लिया गया। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान घटनास्थ3ल का निरीक्षण कर घटनास्थहल से दो पीतल के चली हुई बुलेट (गोली) के खोखे व पीतल की चली हुई बुलेट (गोली) का अग्र भाग एवं अन्य वस्तुाएं जप्त0 किये गये, फरियादी व चश्मलदीद साक्षीयों के कथन लेख कर दिनांक 05.01.2021 को आरोपी को गिरफ्तार कर किया गया एवं प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यांयालय द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

# पत्नि की हत्या के आरोपी पति को आजन्म कारावास की सजा

**मंदसौर, 24 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कपिल मेहता ने दलौदा थाना क्षेत्र के एक प्रकरण में अपनी पत्नि की हत्या करने आरोपी पति राधेश्याम सूर्यवंशी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर 5 हजार रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। लोक अभियोजक तेजपाल सिंह शक्तावत ने बताया कि घटना दिनांक 12 जुलाई 2022 को दलौदा थाना में फरियादी विकास सूर्यवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बुआ की लड़की मिट्ठी बाई पति राधेश्याम सूर्यवंशी निवासी गरोड़ा, उसके बड़े पापा हीरालाल के आखों का ऑपरेशन होने पर उससे मिलने के लिए उपरांत अपनी पुत्री ललिता पति अर्जुन निवासी सेदरा माता से मिलने के लिए आई थी। फरियादी ने बताया कि उसकी बुआ की लड़की व उसकी पुत्री ललिता मेरे घर के बाहर बैठकर बाते कर रहे थे कि मिट्ठीबाई का पति राधेश्याम आया व जोर-जोर से गाली देते हुए चिल्लाने लगा तथा कहा कि तू दो-तीन दिन से यहां क्या कर रही है। आरोपी राधेश्याम ने कहा कि अगर तू गांव आई तो जान से खतम कर दूंगा। आवेश में आकर आरोपी राधेश्याम सूर्यवंशी ने पेंट में चाकू निकालकर अपनी पत्नि मिट्ठी बाई के पेट व चेहरे पर तथा पेर पर वार किया। जिससे मिट्ठी बाई को गंभीर चोट लगी। उसकी पुत्री ललिता उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान मिट्ठी बाई की मृत्यु हो गई। अभियोजन के द्वारा न्यायालय में 13 साक्ष्यों के कथन कराए गए एवं 41 दस्तावेजों को प्रदर्शित कराया गया। न्यायालय ने पत्नि के हत्या के आरोप में आरोपी राधेश्याम को भादवि की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 5 हजार रूपए का अर्थदंड तथा आर्म्स एक्ट में 2 वर्ष का कारावास व 2 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। उक्त मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से सफल पैरवी लोक अपर लोक अभियोजक तेजपाल सिंह शक्तावत, भगवती लाल शर्मा एवं भगवान सिंह चौहान द्वारा की गई।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 46 | 2275 | 2430 |
| उडद | 38 | 5300 | 6481 |
| सोयाबीन | 2862 | 3780 | 4360 |
| गैहु | 1446 | 2850 | 3205 |
| चना | 103 | 5400 | 6450 |
| मसुर | 52 | 5650 | 6000 |
| धनिया | 174 | 6111 | 7341 |
| लहसुन | 10000 | 11000 | 26500 |
| मैथी | 255 | 5301 | 5651 |
| मुंगफली | 2892 | 5000 | 5350 |
| अलसी | 572 | 5152 | 6610 |
| सरसो | 243 | 5450 | 5621 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 93 | 9500 | 12341 |
| प्याज | 12000 | 500 | 1800 |
| कलोंजी | 3 | 8000 | 17700 |
| तुलसी बीज | 2 | 11400 | 11900 |
| डॉलर | 17 | 7000 | 11800 |
| तिल्ली | 47 | 9280 | 12400 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 45 | 12551 | 14100 |
| चियाबीज | 19 | 11400 | 15791 |


कार्यालय वनमण्डलाधिकारी सामान्य
वनमण्डल मन्दसौर, मध्यप्रदेश
Phone: 07422-255519 (O) E-Mail: dfotmsour@mp.gov.in
**** जाहिर सूचना ****
यह सूचित किया जाता है कि, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) म.प्र. भोपाल के प.क्र./विविध/2024/4243-44 दिनांक 29.11.2024, से दिये गये निर्देशानुसार इस वनमण्डल के वनपरिक्षेत्र गरोठ अंतर्गत श्री रामेश्वर पिता गुलाबचंद सुतार निवासी गरोठ जिला मंदसौर आरामशीन धारक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण आरामशीन का नामांतरण उनके पुत्र श्री धर्मेन्द्र शर्मा पिता रामेश्वर निवासी गरोठ के नाम आरामशीन नामांतरण किया जाना है, जिसमें उनके परिवार के सदस्य को इस पर कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना के 15 दिवस के अंदर इस कार्यालय को अवगत करावें। समयावधि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
(संजय रायखेरे)
भा.व.से., वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल मन्दसौर



कार्यालय वनमण्डलाधिकारी सामान्य
वनमण्डल मन्दसौर, मध्यप्रदेश
Phone: 07422-255519 (O) E-Mail: dfotmsour@mp.gov.in
**** जाहिर सूचना ****
यह सूचित किया जाता है कि, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) म.प्र. भोपाल के प.क्र./विविध/2024/4283-84 दिनांक 29.11.2024, से दिये गये निर्देशानुसार इस वनमण्डल के वनपरिक्षेत्र मन्दसौर अंतर्गत श्री बंशीलाल पिता रतनलाल राठौर निवासी नारायणगढ़ जिला मंदसौर आरामशीन धारक की मृत्यु उपरांत उनके पौत्र श्री जयप्रकाश पिता स्व. दिलीप राठौर वर्तमान निवासी वार्ड क्र.-03 सोमनाथ महादेव मंदिर के सामने मनासा जिला नीमच के नाम से आरामशीन का नामांतरण एवं स्थानांतरण सामान्य वनमण्डल रतलाम में श्री शफीकउद्दीन पिता श्री शेखकमालउद्दीन निवासी खुदहाडी मोहल्ला आलोट के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 942 में रकबा 0.056 आरी में से 2600 वर्ग फीट किराये की भूमि तहसील आलोट जिला रतलाम आरामशीन स्थानांतरण एवं नामांतरण किया जाना है, जिसमें उनके परिवार के सदस्य को इस पर कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना के 15 दिवस के अंदर इस कार्यालय को अवगत करावें। समयावधि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
(संजय रायखेरे)
भा.व.से., वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल मन्दसौर

भारत सरकार

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न
अटल बिहारी वाजपेयी जी
की 100वीं जन्म जयंती के
अवसर पर



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# ₹ 44,600 करोड़ लागत की देश की पहली केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का

# शिलान्यास

तथा

## ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण

## 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन

## माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में स्टाम्प और सिक्का जारी

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

के कर-कमलों
द्वारा

## परियोजनाओं के लाभ

### केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना

- मध्यप्रदेश के 10 जिले छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर के 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र एवं उत्तरप्रदेश के 2.51 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगी सिंचाई सुविधा। परियोजना से कुल 65 लाख परिवारों को मिलेगी पेयजल की सुविधा।
- जल विद्युत परियोजनाओं से हरित ऊर्जा में 130 मेगावॉट का योगदान एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास और रोज़गार को मिलेगा बढ़ावा।
- चंदेल कालीन लगभग 42 पुरातन तालाबों का होगा विकास एवं पुनर्निर्माण।
- दौधन बांध के निर्माण से बाढ़ का बेहतर प्रबंधन होगा संभव।

### ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना

- 518 मेगावॉट क्षमता की यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग परियोजनाओं में से एक है।
- परियोजना से कृषि एवं उद्योग हेतु उपयोगी भूमि की बचत होगी।
- जल संरक्षण एवं हरित ऊर्जा उत्पादन से पृथ्वी के तापमान में वृद्धि को रोकने में सहयोग मिलेगा।

### अटल ग्राम सुशासन भवन

- अटल ग्राम सुशासन भवनों का निर्माण ग्राम पंचायतों को स्थायी भवन की सुविधा प्रदान करेगा।
- ग्राम पंचायतों को प्रशासनिक कार्य करने, बैठकों के आयोजन एवं रिकॉर्ड प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

## गरिमामयी उपस्थिति

| मंगुभाई पटेल | डॉ. मोहन यादव | सी.आर. पाटिल |
|---|---|---|
| राज्यपाल, मध्यप्रदेश | मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश | केंद्रीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय |

**25 दिसम्बर, 2024 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | खजुराहो, जिला छतरपुर**

D-11136/24

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in